कार्यालय पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-04.03.2024

विषयः-थाना जंसा पुलिस ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोबाइल व रूपये बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.03.2025 को थाना जंसा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान परसीपुर प्राइमरी स्कूल के पास से दि0 22.02.2025 को आश्रम (रामेश्वर) से मोबाइल व पैसे चोरी करने के सम्बध में पंजीकृत मु0अ0सं0 36/2025 धारा 303(2) बी.एन.एस. से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त गोविन्द पटेल पुत्र उदयराज पटेल उर्फ छेदी पटेल, नि. ग्राम सत्तनपुर, थाना जंसा, जनपद वाराणसी को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 02 मोबाइल व चोरी गये पैसे 10340 /- रूपये बरामद कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-पूछताछ के दौरानत अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि साहब मेरे पास जीने का कोई साधन नहीं है मैं राहगीरो व इधर उधर से चोरी कर अपना जीविकोपार्जन करता हूँ। मुझे माफ कर दीजिए।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- गोविन्द पटेल पुत्र उदयराज पटेल उर्फ छेदी पटेल, नि ग्राम सत्तनपुर, थाना जंसा, जनपद वाराणसी उम्र करीब 23 वर्ष ।

बरामदगी का विवरण–चोरी का 02 अदद मोबाईल व 10340 रूपये बरामद।

पंजीकृत अभियोग- मु0अ0सं0 36/25 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना जंसा कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण –

1- प्र0नि0 दुर्गा सिंह, थाना जंसा कमिश्नरेट, वाराणसी।
2- उ0नि0 जगदम्बा सिंह, चौकी प्रभारी रामेश्वर, थाना जंसा, कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 बृजेश सिंह, थाना जंसा, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त, गोमती ज़ोन
कमिश्नरेट वाराणसी।